हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 स्वस्थ समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका ...



14 केसरवानी महिला सभा ने मनाया हरियाली ...





## खबर संक्षेप

### नरदहा में हुई ब्लॉक स्तरीय खो–खो चयन स्पर्धा



**खरोरा** | गेंदलाल वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नरदहा में आरंग ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 14,17,19 वर्ष से कम आयु समूह के बालक-बालिका का चयन किया गया। जिसमें ब्लॉक से 170 छात्र खिलाड़ियों ने भाग लिया । चयनित खिलाड़ी आगामी 10 सितंबर को जियोदया विद्यालय अभनपुर में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।इस प्रतियोगिता को ब्लॉक के ब्लॉक क्रीड़ाधिकारी राकेश प्रधान के अलावा वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक कमलेश यादव, अमित चंद्राकर, भोजराम मनहरे, परवीन अली, मनप्रीत कौर, धनेश्वरी नारंग, ममता वर्मा, प्रीति साहू, नेमेश्वर साहू, अमन पैकरा, सूरज धीवर ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता को सफल बनाया ।

### कलेक्टर ने की खाद भण्डारण व वितरण की समीक्षा



**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता एवं अन्य सम्बधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की। उन्होंने जरुरत अनुसार किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने एवं छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में तेजी से पंजीयन कराने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि डबल लॉक में भण्डारित उर्वरक को समितियों में पहुंचाएं एवं जरूरत के अनुसार किसानों को खाद उपलब्ध कराएं। उन्होंने वर्तमान में धान खेती की स्थिति एवं अनावरी रिपोर्ट के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन तहसीलदार, पटवारी, आरएईओ एवं समिति प्रबंधकों से रिपोर्ट लेकर प्रगति की समीक्षा करें। समिति प्रबंधकों से फीडबैक लें कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं है। बताया गया कि वर्तमान में 237 टन यूरिया उपलब्ध है एवं आगामी 3 से 4 दिन में करीब 500 मेट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है।

### भटभेरा ग्रापं में हुआ वृहद पौधारोपण



**हिरमी रावन** | ग्राम पंचायत भटभेरा में अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण किया गया। पंचायत के अनुरोध पर वृक्षारोपण नोखे तालाब एवं शासकीय विद्यालय परिसर के समीप करीब दो एकड़ भूमि पर करीब 1500 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्व सहायता समूह की महिलाओं, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। पौधों की सुरक्षा हेतु संयंत्र प्रबंधन द्वारा जालीदार घेरा किया गया है जिससे पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा सुचारू रूप से हो सके। ग्राम के सरपंच ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और वृक्षारोपण से गाँव में हरित पट्टिका का विस्तार होगा। कार्यक्रम के ▸▸ शेष पेज 13 पर

# डिजिटल युग में साक्षरता के साथ कानूनी चेतना भी जरूरी

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर बलौदाबाजार में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराध से बचाव पर दी गई जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश पर, प्रधान जिला न्यायाधीश व प्राधिकरण अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी के मार्गदर्शन और सचिव अमिता जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सचिव जायसवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन जीने का सही तरीका भी सिखाती है। उन्होंने वर्ष 2025 की थीम डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना पर जानकारी देते हुए डिजिटल माध्यम से पढ़ाई और उससे जुड़ी सतर्कताओं को समझाया।

छात्रों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप जैसे प्लेटफार्म पर साइबर अपराधों से बचने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने और किसी अनजान व्यक्ति से संपर्क न करने की सलाह दी ▸▸ शेष पेज 13 पर

### नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध

किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क मदद ली जा सकती है। बच्चे, महिलाएं और आम नागरिक बेझिझक संपर्क कर सकते हैं।



### डिजिटल साक्षरता का महत्व

डिजिटल शिक्षा आज की आवश्यकता है, लेकिन इसके साथ डिजिटल सुरक्षा की समझ भी जरूरी है। शिक्षा और तकनीक का संतुलन ही बच्चों को सशक्त बनाता है।

## महतारी सदन समेत योगा शेड और रंगमंच का भी किया गया लोकार्पण

# सकरी में राजस्व मंत्री ने किया 49 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को बलौदाबाजार जिले की ग्राम पंचायत सकरी में 49.9 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र में सुगम सुविधाओं और सामुदायिक विकास को बल मिलेगा। मंत्री वर्मा ने 16 लाख रुपए की लागत से किसान कल्याण उत्पादक सह समिति कार्यालय का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही 5 लाख रुपए से गली क्रांकिटीकरण, 3 लाख रुपए की लागत से महामाया मंदिर में रंगमंच का निर्माण, 6.9 लाख रुपए से योगा शेड का निर्माण, 16 लाख रुपए से महतारी सदन का लोकार्पण तथा 3 लाख रुपए से बाजार चौक में रंगमंच भवन का लोकार्पण किया गया।

मंत्री ने कहा कि सरकार गांव-शहर दोनों क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ा रही है। जनता से किए गए वादे जल्द पूरा किए जा रहे हैं। महतारी सदन महिलाओं के समूहों के लिए बैठक और सामुदायिक आयोजन का केंद्र बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे विकास कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। यह आयोजन क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### 16 लाख की लागत से किसान कल्याण सह समिति कार्यालय का भूमि पूजन





#### महतारी सदन का सामुदायिक योगदान

महतारी सदन महिलाओं के समूहों के लिए एक केंद्र होगा जहां वे बैठक, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगी। यह स्थल महिलाओं को सशक्त बनाने और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के लिए एक आदर्श स्थान साबित होगा।

#### किसान कल्याण उत्पादक सह समिति कार्यालय का महत्व

किसान कल्याण उत्पादक सह समिति कार्यालय का निर्माण किसानों के लिए सहकारिता और उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इससे किसानों को बेहतर सेवाएं, प्रशिक्षण और कृषि संबंधी सहायता प्रदान की जाएगी, जो क्षेत्रीय कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# लापता व्यक्ति का शव महानदी बैराज में मिला, इलाके में सनसनी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

- कटगी निवासी बनसराम चेलक थे चार दिन से लापता
- झाड़ियों में तैरता मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम कटगी निवासी 50 वर्षीय बनसराम चेलक का शव चार दिन बाद महानदी बैराज डेम के नीचे ग्राम घटमडवा में झाड़ियों के पास तैरता हुआ मिला। शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

5 सितंबर को बनसराम चेलक अपने गांव के अन्य लोगों के साथ खेत में काम करने ग्राम आमोंदी गए थे। लौटते समय बाकी लोग जोंक नदी के पुल से होकर पैदल चले गए, जबकि बनसराम पानी कम होने के कारण नदी पार करते समय लापता हो गए थे। परिजनों ने 6 सितंबर को कसडोल थाना में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

8 सितंबर को घटमडवा गांव के एक ग्रामीण ने नदी किनारे झाड़ियों में तैरता शव देखा और गांव में सूचना दी। मौके पर पहुंची भीड़ के बीच शव की पहचान परिजनों ने ▸▸ शेष पेज 13 पर

### चार दिन बाद मिला शव

बनसराम चेलक की तलाश में परिजन दिन-रात जुटे थे। चौथे दिन जब उनका शव महानदी बैराज में मिला, तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शव सड़ चुका था और उसमें से बदबू आ रही थी। उन्होंने जींस और चॉकलेटी रंग की शर्ट पहन रखी थी।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस इस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह दुर्घटना थी, आत्महत्या या किसी साजिश का हिस्सा। क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं के कारण लोगों में भय और दहशत का माहौल है।

# कार व बाइक की टक्कर, तीन माह के बच्चे सहित चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

ग्राम कुम्हारी के गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग पर शाम करीब पांच बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन माह के दुधमुंहे बच्चे समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से बिलासपुर अस्पताल रेफर किया गया है। सफेद रंग की कार ( सीजी 11 बीएन 7340) जो शिवरीनारायण से सारंगढ़ की ओर जा रही थी, जिसने पिपरा निवासी बाइक सवार परिवार को टक्कर मारी। बाइक सीजी 11 एटी 8873) पर सवार चारों ▸▸ शेष पेज 13 पर

### ओवरटेक करते समय झपकी आई, हुआ हादसा, घायलों को भेजा गया बिलासपुर



#### मामले की जांच में जुटी है पुलिस

घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार और बाइक को थाना भेजा। दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार चालक की झपकी आने से हादसा हुआ। पुलिस स्थानीय गवाहों से भी पूछताछ कर रही है।

# बाइक व स्कूटी में भिड़ंत, स्कूटी चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

ग्राम घटमडवा में संदीप आयशर ट्रैक्टर एजेंसी के पास मुख्य सड़क पर बाईक एवं स्कूटी में जोरदार भिड़ंत हो गई जिससे स्कूटी चालक की युवक सिर पर गंभीर चोट लगने से घायल हो गया है जिसे एम्बुलेंस से उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

दरअसल तकरीबन 13 बजे के आसपास ग्राम घटमडवा के संदीप आयशर ट्रैक्टर एजेंसी के पास मुख्य सड़क पर बाईक एवं सोल्ड स्कुटी में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें स्कूटी चालक भुनेश्वर यादव पिता मंगलु यादव 27 वर्ष की घटना सिर में गंभीर चोंट लगने घायल हो गया था आनन फानन में एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल ले जाया जहां उपचार के बाद सिर पर गंभीर चोट लगाने से सीटी स्कैन के लिए बिलासपुर ले जाया गया है घटना के बाद तत्काल गिधौरी पुलिस को सूचना दिया गया ।मौके पर पहुंचे पुलिस ने मामले की जांच में जुटी हुई है तथा दोनो बाईक एवं स्कूटी को जब्त कर थाना भेजा गया है । घायल युवक की हालत ठीक बताया जा रहा है।



## नगरपालिका ने नोटिस जारी कर पुनर्निर्माण के निर्देश दिए

# नाले का स्लेब भरभराकर गिरा, गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

सेंटमेरी स्कूल रोड से अंबुजा रेलवे लाइन तक बने नाले का लगभग 130 मीटर लंबा स्लेब रविवार की सुबह भरभराकर गिर गया। इस घटना ने ठेकेदार नीरव ट्रेडर्स द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगभग 57 लाख रुपए की लागत से नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा यह नाली निर्माण कार्य शुरू होने के कुछ ही समय में टूट गया, जिससे क्षेत्र में चिंता का माहौल है।

नगर पालिका प्रशासन ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी है और ठेकेदार को नाली को तोड़कर पुनः बनवाने का निर्देश दिया है। जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने मामले की संपूर्ण जांच के लिए एसडीएम भाटापारा को जिम्मेदारी सौंपी है। न.पा. के उप अभियंता कमलेश साहू ने बताया कि आनंद शर्मा को नोटिस जारी कर नाले के पुनर्निर्माण के आदेश दिए गए हैं।

### ठेकेदार नीरव ट्रेडर्स के निर्माण में भारी लापरवाही, 57 लाख का नुकसान

#### प्रशासन ने लिया संज्ञान

नगरपालिका प्रशासन ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य दोबारा कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिले के अधिकारी घटना की गंभीरता को देखते हुए सतर्कता से जांच कर दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। जनता की शिकायतों को देखते हुए प्रशासन सतत निगरानी रखेगा।





#### निर्माण गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

ठेकेदार द्वारा इस्तेमाल की गई सामग्री और निर्माण के मापदंडों की जांच अब प्रारंभ हो चुकी है। जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि क्या सभी आवश्यक मानकों का पालन किया गया या निर्माण में लापरवाही बरती गई। इस घटना से नगर की ड्रेनेज व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# रंगे हाथ पकड़ा धारदार चाकू आरोपी न्यायालय में पेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

थाना खरोरा पुलिस ने अवैध रूप से स्टीनलेस स्टील का धारदार कत्तानुमा चाकू रखने के आरोप में किशन कुमार सतनामी (पुरानिक) को गिरफ्तार किया है। आरोपी को ग्राम खरोरा के आम रोड पर रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू जप्त कर न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा की टीम ने मुखबीर से मिली सूचना पर कार्रवाई की। ▸▸ शेष पेज 13 पर



### अवैध हथियार किए जब्त

गिरफ्तार आरोपी किशन कुमार सतनामी, उम्र 23 वर्ष, निवासी खरोरा वार्ड क्रमांक 07, गढ़रिया पारा का पुलिस ने आरोपी मानते हुए उसके खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी के कब्जे से स्टीनलेस स्टील का धारदार कत्तानुमा चाकू जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस प्रकार के हथियार रखने वाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार निगरानी और कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### नवरात्र को लेकर दुर्गा वाहिनी व बजरंग दल की हुई बैठक

**सरायपाली।** नवरात्र में दुर्गा वाहिनी द्वारा शस्त्र पूजा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल के नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। बैठक में बजरंग दल के दायित्ववान कार्यकर्ता, दुर्गा वाहिनी के दायित्ववान कार्यकर्ता, मातृशक्ति, एवं विहिप के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से अनिता चौधरी जिला संयोजक, गुड्डू जायसवाल शहर प्रखंड अध्यक्ष, महेश ग्रामीण अध्यक्ष, प्रखंड महामंत्री तेजराम बिशी एवं नमिता साहू प्रखंड संयोजिका आदि उपस्थित रहे।



### सोरम में गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**खल्लारी।** ग्राम सोरम में हर वर्ष भांति इस वर्ष भी नवयुवक गणेश समिति दुर्गा चौक का भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। गणेशोत्सव पर्व के 11वें दिन पूरे धूमधाम से एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर बड़े उत्साह के साथ गांव के तालाब में भगवान गणेश की प्रतिमा को गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे के साथ विसर्जन किया। विसर्जन के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष लेखराम ध्रुव, उपाध्यक्ष खेमराज यादव, मुकेश दीवान, ललित दीवान, दोस्त दीवान, सेवक ध्रुव, मोनू दीवान, सोनू दीवान, अरुण दीवान, चमन दीवान, सीताराम दीवान, गोविंद यादव, ओंकार यादव, उत्तम यादव, ओंकार ध्रुव, शुभम ध्रुव, जितेश ध्रुव, पप्पू पटेल, दीपक ध्रुव, सुभाष दीवान एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला आज

**महासमुंद।** भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन 9 सितंबर को दोपहर 3 बजे जिला भाजपा कार्यालय में किया जाएगा। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। साथ ही अन्य वरिष्ठ नेताओं की भी उपस्थिति रहेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने बताया कि कार्यशाला में पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी, निगम-मंडल के अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक, जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पार्षद, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, विसं संयोजक एवं सहसंयोजक तथा सेवा पखवाड़ा की जिला एवं मंडल टीम के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

### गुड शेफर्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा और साक्षरता के महत्व को उजागर किया गया, जो विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक है। कार्यक्रम की शुरुआत उप प्राचार्या मिताली गुरंग के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान और शिक्षा के महत्व प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्या एवं शिक्षा मनुष्य का सबसे शक्तिशाली हथियार है। विद्यार्थियों ने साक्षरता पर रचनात्मक पोस्टर तैयार किए उनके प्रयासों ने इस आयोजन को और भी आकर्षक और अर्थपूर्ण बना दिया। अंश गणवीर ने भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि समाज के निर्माण और व्यक्तियों को सशक्त बनाने में शिक्षा की विशेष भूमिका होती है।

**आयोजन : रजत जयंती पर जिला स्तरी अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रम**

# शिक्षकों को किया सम्मानित, छात्रों ने ली पूर्ण साक्षरता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देश पर व कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में, 8 सितंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सभागार में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य निर्माण की रजत जयंती के परिप्रेक्ष्य में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने छात्रों से अपील की कि वे स्वयंसेवी शिक्षक बनकर जिले को पूर्ण साक्षर बनाने में योगदान दें। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने स्वच्छता व साक्षरता अभियानों में सभी की सहभागिता की आवश्यकता बताई। जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, स्काउट-गाइड जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल और शिक्षाविद् एस.एम. पाध्ये ने भी संबोधित किया। साक्षरता प्रभारी आर. सोमेश्वर राव ने बताया कि जिले को 27614 शिक्षार्थी व 2762 स्वयंसेवी शिक्षक चिन्हांकित करने का लक्ष्य मिला था, जिसे सफलतापूर्वक उल्लास एप में प्रविष्ट किया गया। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला चिन्हांकन में राज्य में द्वितीय स्थान पर रहा।

**बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक का लाभः** वर्ष 2024–25 में 10वीं-12वीं के 267 छात्रों ने 200 घंटे शिक्षण देकर शिक्षार्थियों को साक्षरता परीक्षा में उत्तीर्ण कराया। इसके फलस्वरूप उन्हें बोर्ड परीक्षा में 10 अतिरिक्त अंक दिए गए — यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में सराहनीय रही।

**उल्लास के तहत चला व्यापक जन-जागरूकता अभियानः** राज्य रजत जयंती के अवसर पर मोबाइल एप रजिस्ट्रेशन, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड के सहयोग से रैली, गीत, नाटक, चित्रकला, पेंटिंग, चर्चा, वाद-विवाद, मेहंदी प्रतियोगिता आदि गतिविधियों के माध्यम से साक्षरता के प्रति जनजागरूकता फैलाई गई। सेवानिवृत्त सहायक संचालक बी.आर. पटेल, प्राचार्य रमा वर्मा, पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तूरतिरिया परिसर आसपास के क्षेत्रों में की गई साफ-सफाई



**कसडोल/बालौदाबाजार।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर दिनांक 08 सितंबर को बलौदाबाजार वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार एवं बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य के अधीक्षक कृषाणु चंद्राकार के मार्गदर्शन में बारनवापारा अभ्यारण्य अंतर्गत प्रसिद्ध तुरतुरिया पर्यटन परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता अभियान में वन विभाग के परिक्षेत्र बारनवापारा, कोठारी एवं बल्दाकछार के परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी, बारनवापारा विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी, तुरतुरिया पर्यटन प्रबंधन समिति के सदस्य एवं आसपास के ग्रामीणजन सक्रिय रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंतर्गत तूरतिरिया परिसर आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई, कचरे को हटाया गया एवं उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने और परिसर को प्लास्टिक मुक्त धाम के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी एक सच्चे अर्थों में साक्षर व्यक्ति का परिचायक है। इस अवसर पर ग्राम ठाकुरदिया, पैरागुड़ा, खुडमुड़ी, बफरा एवं बिंभौरी के ग्रामीणों को तुरतुरिया धाम की महत्ता एवं इसके भविष्य को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** इस कार्यक्रम में प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल प्रसाद वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल राहुल उपाध्याय, अतुल तिवारी, सुश्री दीक्षा पाण्डेय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जयकिशन यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी बारनवापारा के दुर्गेश कुमार वर्मा सहित विभाग के समस्त कर्मचारी एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

### जीएनए कॉलेज में हुआ विशेष जागरूकता कार्यक्रम

बलौदाबाजार । कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा भारत सरकार की योजना संकल्प के अन्तर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला संबंधित कानून,केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया । जिला महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न तथा वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ श्रीमति कौशिल्या सोनवानी द्वारा महिला हितैषी थीम के अंतर्गत नवनिर्वाचित सरपंचों को दहेज प्रतड़ना, लैंगिक असमानता एवं लैंगिक न्याय एवं लैंगिक



कानून एवं जेंडर संवेदीकरण की आवश्यकता एवं महत्व और सुधार किस तरह किया जा सकता है विस्तार से जानकारी दिया गया। साथ ही साथ विभागीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट एवं अन्य महिला एवं बच्चों से संबंधी कानून की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के सहायक प्रोफेसर डॉ.रजन तिवारी, डॉ.सुमित पंत, इन्द्राणी मरकाम, स्वास्थ्य विभाग से आईसीटीसी एच.आई.वी.कॉन्सलर फरहत मिर्जा ने एच.आई.वी. एड्स संक्रमण से बचाव व सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

# स्वस्थ समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अग्रणीः पीआर वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिरमी में शिक्षक दिवस के अवसर पर भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उनके योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई। विद्यालय के प्राचार्य पी.आर. वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, जो पीढ़ियों को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई और सादगी जीवन में अपनाने योग्य मूल्य हैं, और शिक्षक बच्चों को इन्हीं मूल्यों की ओर ले जाते हैं। वहीं शैल वर्मा, ललित सर, इन्दूरानी, अजय, सीमा वर्मा और पंकज ने भी गुरु की महत्ता, ज्ञान, मोक्ष और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में गुरु की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

विद्यालय में चित्रांकन, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, और विचार मंच जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को बुके भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

**गुरु—जीवन के सच्चे मार्गदर्शकः** गुरु केवल शिक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। वे न केवल शैक्षणिक मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि नैतिक मूल्यों का भी संचार करते हैं, जिससे विद्यार्थी सही और गलत में अंतर करना सीखते हैं।

# सड़क हादसे में पोषण यादव की मौत, पलारी में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



- ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर हालत पर नाराजगी जताई, किया चक्काजाम

सुहेला से बलौदाबाजार की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर बीती रात ग्राम सुहेला निवासी पोषण यादव की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार वह दशगात्र कार्यक्रम से लौटते समय पड़कीडीह नाले के पास अज्ञात तेज़ रफ्तार वाहन की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

पोषण यादव अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। कुछ साल पहले ही उनके पिता का निधन हो गया था। अब उनके पीछे पत्नी, एक छोटी बच्ची और दो छोटे भाई शोकाकुल हालत में हैं। यह हादसा उनके पूरे परिवार को गहरे आर्थिक और मानसिक संकट में डाल गया है।

इस दर्दनाक हादसे के बाद गांववासियों का गुस्सा फूट पड़ा। रात में ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है और भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जहां ग्रामिणों ने कुछ मांगे प्रशासन के सामने रखी, जो इस प्रकार है - सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए। भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण लगे। त्रिगड्डा चौक पर स्थायी रूप से पुलिस सिपाही की नियुक्ति की जाए। संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

सुहेला तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को मर्चुरी में जमा कराया और उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। भीड़ को समझाइश दी गई और शासन के नियमानुसार मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई। अज्ञात वाहन होने के कारण फिलहाल मुआवजा राशि 25,000 रुपए स्थानीय प्रशासन द्वारा वितरित किया गया। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को निर्देशित किया गया है कि वे बिटकुली से लेकर चंडी तक सड़क की फिलिंग कार्य शीघ्र करें। पुलिस निरीक्षक केसर पराग ने बताया कि पुलिस अभी तक दुर्घटना के वाहन की पहचान नहीं कर पाई है और जांच जारी है।

## बगबुड़ा में चला नेत्रदान पखवाड़ा



**बगबुड़ा।** डॉ. आरके अवस्थी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एंव डॉक्टर नवदीप कुमार खण्ड चिकित्सा अधिकारी बलौदाबाजार मार्गदर्शन में डॉ. दुर्गेश सिंह बंजारे नेत्र चिकित्सा अधिकारीके द्वारा राष्ट्रीय अन्धत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नेत्रदान पखवाड़ा एंव समग्र बाल नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम किया गया जिसमें समस्त छात्रा के नेत्र परिक्षण किया । नेत्रदान के बारे में बाताया कि नेत्रदान व्यक्ति के मरने के बाद उसके नेत्रदान किया जा सकता है। मरने वाले एक व्यक्ति अपनी दो आंखों से दो व्यक्ति को रोशनी दे सकते हैं इससे हमारे परिजनों की आंखे सदैव जीवित रहती है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में कर सकता है । नेत्र दान व्यक्ति के मरने के 6 घंटे के अंदर निकाला जाता है। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धाराशिव के प्राचार्य कमल, शिक्षक गण योगेश कुमार वर्मा, प्रेम प्रकाश जांगड़े, कुर्ते मेडम, जुली मेडम, राकेश भारद्वाज, चंद्र कुमार धीवर, लुकेश्वर चंद्राकर, अंजनी साहू स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक मितानीन कार्यक्रम लवन उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में एक ही दिन में 7 सफल प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के निर्देशन में बलौदाबाजार जिले की स्वास्थ्य सेवाएं लगातार सुदृढ़ हो रही हैं। इसी कड़ी में नगर के समीप स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, रिसदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने एक दिन में 7 सफल सामान्य प्रसव कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

इन सात प्रसवों में से एक इमरजेंसी केस था, जहां महिला को 102 एंबुलेंस से अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही प्रसव पीड़ा तेज हो गई और अस्पताल पहुँचने तक शिशु का सिर बाहर आ चुका था। ऐसी नाजुक स्थिति में नर्सिंग ऑफिसर प्रमीला जांगड़े ने साहसिक और त्वरित निर्णय लेते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव संपन्न कराया। इस पूरी प्रक्रिया में संस्था प्रभारी आरएमए डॉ. अविनाश केसरवानी ने त्वरित व्यवस्था कराई और सहयोगी स्टाफ के साथ मिलकर जच्चा-बच्चा को सुरक्षित वार्ड में शिफ्ट किया गया। सभी सातों महिलाएं और नवजात अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप बंधे ने बताया कि रिसदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी बेहतर सेवाओं के लिए जाना जाता है। इससे पहले भी एक दिन में 8 प्रसव का रिकॉर्ड यहां बन चुका है। ग्राम सरपंच गणेशराम साहू और उपसरपंच पवन वर्मा ने बताया कि अस्पताल में हर दिन 50–60 मरीजों का इलाज होता है और हर महीने औसतन 30–35 प्रसव किए जाते हैं। बढ़ती मरीज संख्या के कारण भवन विस्तार की मांग की गई है, विशेषकर बारिश के मौसम में अस्पताल परिसर में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है।

**पलारी में सतनामी समाज के बैठक में 21 सितम्बर को चुनाव कराने का लिया निर्णय**

# आत्मनिर्भर व नशा मुक्त समाज बनाने संगठित होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ब्लॉक पलारी की आवश्यक बैठक सतनाम भवन में आयोजित हुई। प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले के मुख्य आतिथ्य में पूर्व सांसद पी आर खुटे, प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे, महासचिव मोहन बंजारे समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ हुई और समाज के शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य पर जोर दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले ने कहा कि प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने प्रदेश के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को जोड़ने का उद्देश्य लेकर कार्य शुरू किया है। संगठन बस्तर से लेकर सरगुजा तक सक्रिय है और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक एकीकरण पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने सतनाम धर्मशाला निर्माण और रायपुर में बहुउद्देशीय भवन बनाने की योजनाओं का भी उल्लेख किया। पूर्व सांसद पी आर खुटे ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज के हक़-अधिकार के लिए संगठित होकर लड़ना होगा। साथ ही उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न सम्मान समारोह भी हुए, जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग में सब इंजीनियर बनने वाली हेमलता कुर्रे और राज्य स्तरीय मलखम प्रतियोगिता में पुरस्कार विजेता दुष्यंत घृतलहरे का सम्मान किया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं समाज के अनेक प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज की प्रगति और समर्पित कार्यों पर चर्चा की।

### समाज के सम्मानित सदस्य

हेमलता कुर्रे (ग्राम लकड़ियां, पलारी) को पीडब्ल्यूडी विभाग में सब इंजीनियर बनने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।दष्यंत घृतलहरे (ग्राम खैरी) को राज्य स्तरीय मलखम खेल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शिक्षक अनिल आडिल को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

### आगामी कार्यक्रम और चुनाव

बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 सितंबर को पलारी ब्लॉक सतनामी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के चुनाव मनोनयन कराए जाएंगे। समाज के विभिन्न प्रमुख सदस्य और पदाधिकारी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

# गुरु ही साक्षात परब्रह्म है : साधराम बार्ले



**पलारी।** विकासखंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । उक्त अवसर पर अध्यक्ष साधराम बार्ले ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु ही ब्रह्मा है गुरु ही विष्णु है गुरु ही महादेव हैं और गुरु ही साक्षात परब्रह्म है ऐसे गुरूओ को मैं प्रणाम करता हूं। गुरु की महिमा शास्त्रो में वर्णित है। सदस्य हेमकुमार साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले, उपाध्यक्ष केसरी वर्मा, नरोत्तम यादव, उपसरपंच कृष्ण कुमार वर्मा, हेमकुमार साहू, लालकुमार यादव, कुंअर रजक, दुलारी सेन, हेमंत वर्मा, दशरथ चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### दिवंगत कर्मचारी के परिवार को सौंपा अनुग्रह राशि का चेक

**बलौदाबाजार** । संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ संतोष पैकरा सहायक ग्रेड-3 का आकस्मिक मृत्यु रविवार को हो गई थी। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर अवधराम टण्डन ने सोमवार को मृतक कर्मचारी की धर्मपत्नी बृहस्पति पैकरा के निवास स्थान पहुंचकर 50 हजार रूपये की अनुग्रह सहायता राशि का चेक सौंपा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को दुःख की इस घड़ी को सहन करने ढांढस बंधाया।

### महिला से पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। महिला से मारपीट के मामले में पति के खिलाफ पटेवा थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को राधिका कोसरिया निवासी झलप ने बताया कि 7 सितंब की शाम को महतारी वंदन का पैसा निकालने अपने पति कौशल प्रसाद कोसरिया के साथ च्वाइस सेंटर झलप गई थी। च्वाइस सेंटर में पैसा नहीं निकलने से दोनों पैदल वापस अपने घर जा रहे थे, शाम करीबन 4 बजे गांव के तालाब के पास पहुंचने पर उसके पति कौशल प्रसाद कोसरिया द्वारा घरेलू बात को लेकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। जिससे उसके सिर व हाथों में चोटें आई है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## पीडीएस दुकान, छात्रावास एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

# पात्रता अनुसार हितग्राहियों को खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित होः संदीप शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने सोमवार को बलौदाबाजार स्थित सर्किट हाउस में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण के भाग में उल्लेखित पत्रताओ के क्रियान्वयन एवं सभी पात्र हितग्राहियो को खाद्यन्न आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में आयोग की सदस्य ज्योति कश्यप, सदस्य सचिव राजीव जायसवाल, सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

अध्यक्ष श्री शर्मा ने बैठक में छत्तीसगढ़ खाद्य एप्प,पोषण सुरक्षा अधिनियम के भाग दो में पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना तथा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम, छात्रावास को प्रदाय बीपीएल दर पर खाद्यान्न की पात्रताओं के क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति तथा शिकायत निवारण व्यवस्था के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

**आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण :** इसके पश्चात उन्होंने बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम कोकड़ी में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र के किचन में साफ-सफाई व्यवस्था उचित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई दुरूस्त करने के संबंध में आगनबाडी कार्यकर्ता को निर्देशित किया। जिला मुख्यालय स्थित पीडीएस दुकान क्रमांक-01 का निरीक्षण किया जिसमे पीडीएस दुकान में सामान्य चावल एवं फोर्टिफाईड चावल को सही क्रम में स्टेकिंग करते हुए उचित भण्डारण करने एवं समय पर दुकान खोलने हेतु उचित मूल्य दुकान संचालक को निर्देशित किया तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा संचालित जिला मुख्यालय के भाठागांव में स्थित शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया गया जिसमें छात्रवास के अधीक्षिकों को साफ-सफाई के संबंध में निर्देशित किया। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरज मानिकपुरी, जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अतूल परिहार, खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा, एवं नागरिक आपूर्ति निगम जिला प्रबंधक भूपेश शर्मा मौजूद थे।

### पात्र निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाने कवायद शुरू




**बलौदाबाजार ।** जिले में आम नागरिकों की बेहतरी के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत इम्पैनल अस्पतालों की संख्या में बढ़ोतरी के प्रयास शुरू कर दी गई है । कलेक्टर दीपक सोनी ने आज जिले के निजी अस्पतालों संचालकों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में श्री सोनी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आयुष्मान कार्ड योजना बहुत लाभकारी है इसलिए जिले के ज़्यादा से ज़्यादा पात्र निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत इम्पेनल किए जाने की ज़रूरत है । उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र निजी अस्पतालों के इंपेनलमेंट में आ रही तकनीकी समस्याओं का जल्द समाधान करें ताकि इम्पेनल होने के पश्चात नागरिकों को इलाज में मदद मिल सके। सीएमएचओ डॉ आर. के.अवस्थी ने बताया कि वर्तमान में जिले के 14 निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत इंपैनल किये जा चुके हैं। इनकी संख्या बढ़ाने हेतु कार्यवाही जारी है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी कर्मचारी सहित निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किसानों को गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल के नाम पर ठगने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा क्षेत्र में गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल और सीमेंट संयंत्र के लिए प्रस्तावित रेल लाइन बिछाने को लेकर किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन और संयंत्र प्रबंधन किसानों को ठगने की नीयत से अधिग्रहण प्रक्रिया में धोखाधड़ी कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार की शर्त पर ही जमीन अधिग्रहित की जा रही है, जबकि किसानों की सहमति एवं उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा।

हथबंद रेल्वे स्टेशन से ग्राम खपराडीह तक सीमेंट संयंत्र के लिए रेल लाइन बिछाने के नाम पर सर्वे कार्य किसानों की जानकारी के बिना किया जा चुका है। 13 ग्रामों के किसान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिमगा के कार्यालय पहुंचे और अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए मांग की कि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ हो। किसानों का कहना है कि अधिकांश सिंचित भूमि को असिंचित बताकर अधिग्रहण किया जा रहा है, जो न्यायोचित नहीं है। रेल लाइन के मध्य से गुजरने के कारण कई ग्रामीण सुविधाएं जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, तालाब, गौठान और मुक्तिधाम प्रभावित होंगे। साथ ही, सिंचित भूमि के नुकसान से कृषि भी प्रभावित होगी। किसान चाहते हैं कि हथबंद से बुड़गहन रवेली तक बनी पुरानी रेल लाइन का उपयोग करते हुए नई रेल लाइन बिछाई जाए और संयंत्र को आवश्यक भूमि सीधे खरीदी जाए। किसानों की मांग है कि अधिग्रहण से पहले उनकी सहमति ली जाए और उन्हें न्यायोचित मुआवजा दिया जाए।

**अवगत कराऊंगा**

ग्रामीणों की समस्याएं और आपत्तियां दर्ज कर ली गई हैं। मैं इसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर शासन को अवगत कराऊंगा।

- अतुल कुमार शेटे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिमगा

**भूमि अधिग्रहण में अनियमितताएं**

भूमि अधिग्रहण के दौरान किसानों को पूरी जानकारी नहीं दी गई है। सिंचित भूमि को असिंचित बताया जाना और बाजार मूल्य से कम दर पर अधिग्रहण किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और उचित मुआवज़ा सुनिश्चित करने की मांग जोर पकड़ रही है।

**रोजगार की शर्त और ग्रामीणों की नाराजगी**

संयंत्र प्रबंधन ने कहा है कि प्रभावित किसानों के परिवारों को रोजगार दिया जाएगा, लेकिन यह रोजगार जमीन खरीदने की शर्त पर ही मिलेगा। इस शर्त को लेकर ग्रामीण असंतुष्ट हैं और इसे जालसाजी कर किसानों को धोखा देने की कोशिश बताया जा रहा है।

# बीमा योजना में जीएसटी खत्म करने का निर्णय स्वागत योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

केंद्र सरकार द्वारा जीवन बीमा और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय निवेशकों के लिए वरदान साबित होगा। मुख्य जीवन बीमा सलाहकार एवं भर्ती अधिकारी रोहित साहू ने इस फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि अब पॉलिसी धारकों को प्रीमियम पर अतिरिक्त टैक्स नहीं देना होगा, जिससे बीमा सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी और ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा। बीमा क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रोहित साहू ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद से प्रीमियम पर 1.8 प्रतिशत से लेकर 18 प्रतिशत तक टैक्स लगता था। टर्म बीमा और हेल्थ बीमा पर 18 प्रतिशत, इंडोमेंट मनी बैक सेविंग प्लान पर 4.5 प्रतिशत, एंडोमेंट नवीनीकरण प्रीमियम पर 2.25 प्रतिशत, जबकि यूलिप प्लान पर 1.8 प्रतिशत तक टैक्स लगता था।



इस छूट के बाद अब ग्राहक प्रीमियम की वास्तविक राशि ही भरेंगे, जिससे उनकी आर्थिक बोझ में कमी आएगी। जीएसटी हटने से निवेशकों को राहत जीएसटी के समाप्त होने से बीमा पॉलिसी धारकों को प्रीमियम में टैक्स नहीं देना पड़ेगा। यह निर्णय बीमा योजनाओं को सस्ता और अधिक सुलभ बनाएगा। निवेशक अब पूरी राशि बीमा कंपनी को देंगे, जिससे उनकी निवेश योजना पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**बीमा क्षेत्र में नई उम्मीदें और वृद्धि**

इस निर्णय से बीमा कंपनियों को भी मजबूती मिलेगी और ग्राहक बढ़ेंगे। टैक्स में छूट के कारण लोग अब ज्यादा से ज्यादा बीमा योजनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। रोहित साहू ने सरकार के इस कदम को बीमा क्षेत्र की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# शिक्षक दिवस पर गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षा के महत्व पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल







विकासखंड कसडोल में 5 सितंबर, शिक्षक दिवस एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर समस्त शैक्षिक संगठनों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुम पैकरा ने शिक्षकों के योगदान को समाज में अहम बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी और डॉ. राधाकृष्णन के चित्रों पर पूजन और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रमुख अतिथियों ने सेवानिवृत्त प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक और अन्य शिक्षकों का पुष्पहार, तिलक और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। शैक्षिक संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षक समुदाय की भूमिका पर प्रकाश डाला और गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को याद किया। जांजगीर-चांपा के व्याख्याता सुख सागर एवं सूरजपुर के लोकनाथ डडसेना ने गुरु महिमा पर गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं।

मुख्य अतिथि कुसुम पैकरा ने शिक्षकों को समाज के निर्माता बताते हुए कहा कि वे शैक्षिक विकास की चुनौतियों के समाधान के लिए हमेशा साथ खड़े रहेंगे। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चितेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया, जबकि प्राचार्य भानूराम साहू ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

**सम्मानित शिक्षकों की सूचीः** कार्यक्रम में कसडोल और आसपास के विकासखंड से कई सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें मोतीदास मानिकपुरी, फिरतराम पटेल, गोपीराम जाटव, रामकुमार नागेश, राधेश्याम पटेल जैसे नाम प्रमुख थे। इसके साथ ही शिक्षक समुदाय के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी सेवाओं का उल्लेख किया और अपने अनुभव साझा किए।

# छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूरे होने पर मनाई गई रजत जयंती

**खरोरा** । छत्तीसगढ़ शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय में दिनांक 8-9-2025 को "छत्तीसगढ़ विकास के 25 वर्ष" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा खिलेश्वरी, बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर की छात्राएँ अंजली, आरती तथा अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आर.के. साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य के



गठन, खनिज संसाधनों एवं कृषि उत्पादन की अपार संभावनाओं वाले छत्तीसगढ़ राज्य के विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वाल्मीकि साहू, रचना मिश्रा, अंशु ध्रुव, भगवती साहू, चुलेश्वर साहू, माधवी पंड्या आदि प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वस्थ समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिरमी में शिक्षक दिवस के अवसर पर भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उनके योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई। विद्यालय के प्राचार्य पी.आर. वर्मा ने



संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, जो पीढ़ियों को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई और सादगी जीवन में अपनाने योग्य मूल्य हैं, और शिक्षक बच्चों को इन्हीं मूल्यों की ओर ले जाते हैं। वहीं शैल वर्मा, ललित सर, इन्दूरानी, अजय, सीमा वर्मा और पंकज ने भी गुरु की महत्ता, ज्ञान, मोक्ष और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में गुरु की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। विद्यालय में चित्रांकन, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, और विचार मंच जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को बुके भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। गुरु केवल शिक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। वे न केवल शैक्षणिक मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि नैतिक मूल्यों का भी संचार करते हैं, जिससे विद्यार्थी सही और गलत में अंतर करना सीखते हैं।

## पेज 11 के शेष

### डिजिटल युग में...

गई। साथ ही लैंगिक अपराधों से संबंधित कानूनी जानकारी भी दी गई। इसी क्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों जैसे दामाखेड़ा, दरचुरा, गिरौदपुरी, हथबंद और भाटापारा में भी विधिक शिविर आयोजित किए गए। साथ ही, 13 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार हेतु कसडोल क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया।

### लापता व्यक्ति का...

बनसराम चेलक के रूप में की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सीएचसी भेजा।

### कार व बाइक ...

लोग ग्राम बगलोटा भांजे के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा कार चालक की झपकी आने की वजह से हुआ। कार और बाइक को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घायल बालेश्वर लहरे (30), उनकी पत्नी करिशमा लहरे (24), 12 वर्ष की बच्ची डिम्पल लहरे और तीन माह के समर्थ सिंह लहरे गंभीर हालत में अस्पताल में हैं। खासकर कशमीरा लहरे की हालत नाजुक बताई जा रही है। चारों घायल मरीजों को तुरंत गिधौरी पुलिस की मदद से एम्बुलेंस से बिलासपुर के अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई है, विशेषकर तीन माह के बच्चे समर्थ सिंह और 12 वर्ष की डिम्पल लहरे की निगरानी जारी है।

### रंगे हाथ पकड़ा...

मुखबीर ने बताया था कि किशन कुमार सतनामी अवैध कत्तानुमा चाकू रखे हुए है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को बिना कागजात के चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया।

### भटभेरा ग्रापं में...

दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा पंचायत प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वृक्षों की सुरक्षा एवं संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। ग्राम पंचायत भटभेरा का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को हरित एवं स्वस्थ वातावरण का संदेश देता रहेगा। कार्यक्रम में संयंत्र प्रबंधन की ओर से वैभव त्रिपाठी एवं आशुतोष खरे का विशेष सहयोग रहा।

## युवा-स्त्री संगठनों ने मिलकर सांस्कृतिक एकता और भक्ति का संदेश दिया

# श्रद्धालुओं ने विधिवत की गणपति बप्पा का स्वागत और विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

आदर्श ग्राम पंचायत मुड़पार में सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति रामायण चौक एवं बाल युवा संगठन भाटा चौक के संयुक्त तत्वावधान में गणेश प्रतिमा विसर्जन समारोह बड़े उल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। डीजे की धुनों पर युवा झूमते रहे, वहीं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश को भावभीनी विदाई दी। पूरी ग्राम पंचायत में "गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष गूंजते रहे।



प्रतिमाओं को भव्य रथ और पालकी में सजाकर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया, जहां ग्रामवासी गुलाल उड़ाकर आरती, श्रीफल अर्पण एवं भक्ति भाव से गणपति को विदा करते नजर आए। महिला संगठन, युवा संगठन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और जगह-जगह प्रसाद वितरण कर भक्तों को सम्मानित किया गया। नवीन सुपर साउंड सिस्टम की शानदार प्रस्तुति ने आयोजन की भव्यता को चार चाँद लगा दिए।

गणेश उत्सव समिति की भूमिका और सामाजिक योगदान

सिद्धिविनायक युवा गणेश उत्सव समिति के वरिष्ठ सदस्य चोवाराम वर्मा एवं भारत यादव ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष समिति द्वारा किया जाता है, जो ग्राम में एकता, समरसता और संगठन का प्रतीक है। समिति न केवल धार्मिक आयोजन करती है बल्कि सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है।

**युवाओं का विशेष योगदान से सफल हुआ कार्यक्रमः** विसर्जन रैली को सफल बनाने में युवराज तिवारी, पोषण साहू, भारत यादव, चोवाराम वर्मा, गोवर्धन ध्रुव सहित अनेक युवाओं ने विशेष योगदान दिया। समिति ने सभी ग्रामवासियों एवं भक्तजनों का आभार व्यक्त करते हुए पितृपक्ष की शुभकामनाएं दी हैं, जिससे सामाजिक समरसता और आध्यात्मिकता को मजबूती मिली है।

### विसजर्न के पूर्व दतान में हुई प्रतियोगिताएं

पलारी । पलारी के निकटतम ग्राम दतान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधि विधान से भगवान गणेश को विराजित कर उन्हें गांव भर में झाँकी स्वरूप निकालकर विसर्जित किया गया । विसजर्न के पूर्व गांव के ही गणेशोत्सव समिति साहूपारा के द्वारा इस वर्ष भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जो गांव भर में उत्साह का माहौल बना दिया जिसमें ,मटका तोड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, हंसो-हंसाओ व अन्य जिसमें गांव के ही छोटे -बड़े बच्चे हिस्सा लिए। यह सभी जानकारी गांव के सम्माननीय राहुल साहू ने बताया उक्त कार्यक्रम में समिति के



सदस्यों में चंद्रदेव साहू, अर्जुन साहू, राजू साहू, अनिल साहू, दीपक, ताम्रध्वज खूबी, नवीन व वरिष्ठ जनों में खेदन साहू, पुनीत साहू, संतोष साहू ,सोहन साहू, राधेश्याम साहू , डोमार, पंचू राजेंद्र, झमेश्वर, डायमंड, सोनउ, नीरज, देवेंद्र, बंशी, बहुत संख्या में माताएं ग्रामवासी उपस्थित थे ।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
05 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
द बंगाल फाइल्स
शो समय - 12:00,6:00 PM
परम सुंदरी
शो समय - 03:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# कबीर पंथ देता है सादगी और मानवता के मार्ग की प्रेरणाः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

रायपुर स्थित प्रकाश कुंज कटोरा तालाब परिसर में वंशगुरु गद्दी स्थापना दिवस एवं भादो पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहेब एवं पंथ श्री उदित मुनि नाम साहेब के दर्शन और बाणी का लाभ श्रद्धालुओं को मिला।

इस अवसर पर भाटापारा विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कबीर पंथ सादगी, सत्य और मानवता का रास्ता दिखाता है, जिसे आज की पीढ़ी को अपनाने की जरूरत है।

## पंथ श्री की बाणी और भजन-कीर्तन में डूबे श्रद्धालु, जुटी भारी भीड़



### पंथ श्री की बाणी ने दिया समाज को दिशा

पंथ श्री ने अपने प्रवचनों के माध्यम से कबीर संप्रदाय की गहराइयों को उजागर किया। उन्होंने सत्य, समानता, प्रेम और भाईचारे की भावना को आत्मसात करने का संदेश दिया, जो आज के समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

समाज में भाईचारा, समानता और सेवा की भावना को मजबूत करने में कबीर साहेब की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने वंशगुरु गद्दी को केवल आध्यात्मिक केंद्र ही नहीं, बल्कि नैतिकता, सेवा और समाज सुधार का माध्यम बताया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, मुकेश साहू, प्रेम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भजन-कीर्तन और भंडारे से गूंजा परिसर

सुबह से ही कार्यक्रम स्थल में भजन-कीर्तन की ध्वनि और भंडारे की सेवा चलती रही। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और भक्ति रस में डूबते हुए सेवा भाव से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

## खबर संक्षेप



### छग महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित हुईं रुपा

**हिरमी रावन ।** छत्तीसगढ प्रदेश की सामाजिक साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों हेतु वर्ष 2025 हेतु रुपा श्रीवास्तव को महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड समारोह दिनांक 6 सितम्बर वृंदावन सभागृह सिविल लाइन रायपुर में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि रुपा श्रीवास्तव गृहणी स्वयं सेवी संस्था की अध्यक्ष है और इस संस्था को छत्तीसगढ शासन द्वारा विगत वर्षो में मिनीमाता राज्य अंलकरण द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। यह संस्था विगत 27 वर्षो से छत्तीसगढ के विभिन्न अंचलो में विकास की गतिविधियां संचालित कर रही है। अवार्ड प्राप्त करने के सन्दर्भ में रुपा श्रीवास्तव ने कहा की ऐसे अवार्ड प्रेरणा देते है जिससे नवीन उर्जा लेकर समाजिक विकास के कार्य को और अधिक गति दिया जा सके ।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 48 घंटो में हुआ 8 प्रसव



**गोपालपुर ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर पिछले 10 वर्ष में बहुत बदला है पहले जहां दिन मे मुश्किल से 2-4 मरीज इलाज कराने आते थे और प्रसव महीने मे 2-4 ही हो पाता था वही अब रोज 40 - 50 मरीज आते है और प्रसव 30 से 40 महीने का रहता है 2016 से अब तक 6 बार कायाकल्प से सम्मानित हुआ है वही इस साल राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक योजना में भी विशेष स्थान प्राप्त किया है। अस्पताल में वातानुकूलित प्रसव कक्ष लैब ओ पी डी, आई पी डी नेत्र जांच दवा भंडारण कक्ष दवा वितरण कक्ष सभी जगह वातानुकूलित है । प्रभारी डॉ. चंद्रा ने बताया की सी एम एच ओ डॉ एफ आर निराला और बी एम ओ डॉ.एस के खुटे के मार्गदर्शन में और गोपालपुर के आम ग्रामीण जन के विशेष सहयोग से ये सब संभव हो पाया है वही अस्पताल के सभी अधिकारी कर्मचारियों अपने कार्य के प्रति हमेशा तत्पर रहते है ।

## निधन

### माखनलाल कंडरा



**बंगोली ।** ग्राम बंगोली निवासी माखनलाल कंडरा (80) का आकस्मिक निधन 8 सितंबर को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया । अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल रहे । वे गैंदी बाई कंडरा के पति व दुर्योधन कंडरा के पिता थे । महादेव, जगदेव, अर्जुन, भीम, तीरथ (मंथीर), बिरबल, रवि, सुनील कंडरा के चाचा थे ।

### अतुल मिश्रा



**भाटापारा।** के.के.वार्ड निवासी अतुल मिश्रा(घुरसेना) का 8 सितम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। वे न.पा.पार्षद, सभापति मनीष मिश्रा के छोटे भाई व अंजुल मिश्रा के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार शाम 4 बजे हिन्दू मुक्तिधाम में किया गया।

# छात्रों ने शिक्षकों के लिए आयोजित की रोचक प्रतियोगिता

# शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रवान

सस्थानीय विद्यालय में आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल में उत्सव का रंग भर गया। तत्पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया बच्चों के द्वारा शिक्षकों के लिए क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विनर को प्रोत्साहन गिफ्ट संस्था के मुखिया द्वारा प्रदान किया गया संस्था के प्राचार्य नागेश्वर पटेल के द्वारा विद्यालय में कार्यरत समस्त गुरुजनों का श्रीफल पेन गमछा भेट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत करमदा के सरपंच सरस्वती वर्मा, उपसरपंच राजू, पंच रामनाथ सोनी, मोहानी ध्रुव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष जय नारायण सोनी, शाला विकास समिति के सदस्य शेषनारायण वर्मा, महेश राम वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य नागेश्वर पटेल सर, अनिला थोरात, रमन साहू, कृपा शंकर साहू, दुर्गावती मरकाम, नीलू साहू, मधु वर्मा, ऐश्वर्या साहू, गंगाराम पैकरा, यदुनाथ साहू, दानेश्वरी वर्मा, देवेंद्र ध्रुव, प्रीति बाला, दीपेश कुमार साहू, मायाराम वर्मा, मनोज कुमार तुरकान, संजय श्रेय, धर्मेंद्र साहू, सावित्री वैष्णव, गीता सेन आदि सभी स्टाफ उपस्थित रहे।



### उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुईं अर्चना



**सिमगा ।** गत दीनों शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर विकासखंड सिमगा के शा.पू.मा.वि.हरिनभट्ठा की शिक्षिका अर्चना साहू को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षिका द्वारा अपने स्कूल में शासन द्वारा आदेशित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्रथम आर्ट एंड क्राफ्ट विकास कार्यशाला का निर्माण किया गया है जिसमें बच्चों एवं शिक्षिका द्वारा हस्तनिर्मित सामानों का संग्रह किया जा रहा है। बच्चे ऊन से कम लागत पर उपयोगी सामान बनाकर आत्मनिर्भर बनना सीख रहे हैं। इसके साथ ही कबाड़ से जुगाड़, विज्ञान माडल, एवं नवाचारी गतिविधियों का उपयोग करके शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विशेष अवसरों पर क्राफ्ट एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन स्कूल में कराया जाता है।

### धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**खरोरा ।** शासकीय प्राथमिक शाला जरौदा में बड़े धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस का प्रारंभ सरस्वती पूजा व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा उनके जीवन परिचय, विचारों को सिन्हा मैडम द्वारा विस्तार से बताया गया। जिसमें रूपदास साहू, नारायण साहू, रामचरण लहरी, अजीत वर्मा सेवानिवृत्ति शिक्षकों एवं कार्यरत शिक्षकों का श्रीफल और शॉल देकर सम्मान किया गया जिसमें



बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भाषण कविता का आयोजन किया गया साथ ही एस एम सी उपाध्यक्ष उमेश कुमार साहू की पुत्री दिव्या साहू के जन्मदिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमें एस एम डी सी, एस एमसी अध्यक्ष रामखेलावन वर्मा, सुखीराम साहू, चरण साहू, थालेश्वर, संकुल प्रभारी प्राचार्य एक्का मैडम, संतोष कुमार बघेल, फूल सिंह राजपूत, सरिता सिन्हा, बबीता मिरी, राजकुमार श्रेय, सविता साहू, पूर्णिमा साहू, पिंकी साहू, कालंद्री साहू, सतरूपा साहू, इंदिरा साहू आदि उपस्थित रहें।

### गोडा में मनाया गया शिक्षक दिवस



**संडी बंगला ।** पलारी विकासखण्ड के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोड़ा में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को पेन और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के सच्चे शिल्पकार होते हैं। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के योगदान को याद करते हुए बताया कि उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना एक ऐतिहासिक निर्णय रहा। अध्यक्षता उषा जागेश्वर धीवर, सरपंच ग्राम पंचायत गोड़ा ने की। विशेष अतिथि खिलेन्द्र साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, और ओमप्रकाश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति भी मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डी.के. साहू सहित व्याख्याता और शिक्षकगण — मोहन बंजारे, पार्वती वर्मा, हेमलता वर्मा, वंदना गोस्वामी, सृष्टि शर्मा, राजकुमार सोनवानी और पल्लवी देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

# लवन ब्लॉक सतनामी समाज के पदाधिकारियों का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन लवन में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य लवन ब्लॉक के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन करना था। कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एल.एल. कोशले ने की, जबकि निर्वाचन अधिकारी यादराम हिरवानी के मार्गदर्शन में ब्लॉक पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। नरेन्द्र डहरिया को लवन ब्लॉक अध्यक्ष तथा मोहन बंजारे को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अन्य प्रमुख पदों में उपाध्यक्ष वकील गिरीश मधुकर, ईश्वर घृतलहरे, द्वारिका घिडले, महिला उपाध्यक्ष चन्द्रिका तुलसी मनहरे, सचिव ओमप्रकाश गायकवाड़, कोषाध्यक्ष सूरज बघेल और प्रवक्ता दिलीप नवरत्न शामिल हैं। कार्यकारिणी में कुल 15 सदस्य नियुक्त किए गए हैं। संरक्षक की जिम्मेदारी पूर्व सरपंच वीरेन्द्र बहादुर कुर्रे को दी गई है। सभी चयन सर्वसम्मति से किए गए।

- नरेन्द्र डहरिया बने लवन ब्लॉक अध्यक्ष, मोहन बंजारे कार्यकारी अध्यक्ष
- शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार पर जोर देने की प्रदेश अध्यक्ष ने की अपील

**निर्विरोध चयन बना एकता की मिसाल :** लवन ब्लॉक में सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया, जिससे समाज में एकता, समझदारी और पारदर्शिता का संदेश गया। यह उदाहरण आने वाले समय के लिए संगठन की मजबूती को दर्शाता है। प्रदेश नेतृत्व ने पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा दी है कि वे समाज में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएं, स्वास्थ्य जागरूकता फैलाएं और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। यह कदम सतनामी समाज को मजबूत सामाजिक आधार देगा।

### समाज को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान

प्रदेश अध्यक्ष कोशले ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार की दिशा में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित और आत्मनिर्भर समाज ही वास्तव में प्रगतिशील समाज होता है। इस अवसर पर ब्लॉक के सभी गांवों से सैकड़ों की संख्या में समाजजन उपस्थित थे। प्रमुख रूप से कांति मनहरे, संतोष कुर्रे, विनोद अनंत, पंकज अनंत, रूपचंद मनहरे, राकेश बंजारे, ईश्वर डहरिया सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# रजत जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन



समीप ग्राम अहिल्दा के पूर्व माध्यमिक शाला में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासन द्वारा विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया गया था जिसके तहत 28 अगस्त को पुस्तक वाचन 29 अगस्त को एलुमनी बैठक जिसमें शाला के पूर्व छात्र-छात्राओं को आमंत्रित करना उनके अनुभव सुनाना 30 अगस्त बाल पंचायत वाद विवाद प्रतियोगिता 1 सितंबर साक्षरता सप्ताह 2 सितंबर प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 3 सितंबर को भाषण एवं मेरे सपनों का स्कूल विषय पर भाषण प्रतियोगिता प्रयोग प्रदर्शन 4 सितंबर उत्सव का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 5 सितंबर को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डाकेश्वर मानिकपुरी, सरपंच प्रतिनिधि अशोक घृतलहरे, साधेलाल पटेल, लीलाराम घुरऊ वर्मा, डां रामायण साहू, पोष कुमार साहू, जन प्रतिनिधि प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा, शालिनी बाजपेई, विश्वनाथ कोसले, ईश्वर साहू, संकुल समन्वयक सुशील कुमार सोनवानी उपस्थित थे ।

### तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी ठोकर

**महासमुंद।** बागबाहरा में दुर्गा मंदिर के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि 6 अगस्त को श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर में पेट्रोलिंग की जा रही थी। रात्रि करीबन 11:30 बजे पेट्रोलिंग के दौरान शांति नगर मोड़ दुर्गा मंदिर के सामने एनएच 353 मेन रोड में एक तेज रफ्तार बलकर ट्रक सीजी 07 सीएल 5740 जो महासमुंद की ओर से आ रही थी, ने सामने जा रही कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने ट्रक को रूकवाकर चालक से नाम व पता पूछा गया। जिसने अपना नाम तूफानी चमार पिता श्यामाचरण चमार (35 साल) ग्राम नेवडियालाल थाना लालगंज जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 भारतीय न्याय संहिता 2023, 184 एमवी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# भाटापारा में मना 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी, बीएमओ डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा माहेश्वरी के मार्गदर्शन में भाटापारा ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सिविल अस्पताल में 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक के स्कूलों में बच्चों की आंखों की जांच कर बाल नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नेत्र सहायक अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दौरान नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत गुलेरी ने बताया कि नेत्रदान एक महापुण्य का कार्य है, जिसे मृत्यु के बाद ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी उम्र के लोग, चाहे पुरुष हो या महिला, चश्मा पहनते हों या मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा चुके हों, नेत्रदान कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपनी आंखों को चोट से बचाने, समय-समय पर आंखों की जांच कराने और नेत्रहीनों को नई रोशनी देने हेतु नेत्रदान करने का आग्रह किया।




### बाल नेत्र सुरक्षा पर विशेष ध्यान

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत बच्चों की आंखों की जांच कर उनकी नेत्र सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। यह पहल बच्चों को स्वस्थ दृष्टि प्रदान करने और आंखों से संबंधित किसी भी समस्या को प्रारंभिक चरण में पहचानने के लिए अहम है। इस प्रयास से भविष्य में नेत्र रोगों को कम करने में मदद मिलेगी।

## 38 नगरों में हुआ आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

# केसरवानी महिला सभा ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ केसरवानी वैश्य महिला सभा के तत्वावधान में प्रदेश के 38 नगरों में हरियाली तीज उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और सा मा जि क समरसता के साथ किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक केसरवानी और महामंत्री निलेश केसरवानी के मार्गदर्शन में तथा महिला सभा अध्यक्ष विभा विजय केसरवानी की अगुवाई में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

- मनेंद्रगढ़ की अभिलाषा बनीं तीज केसर सुंदरी, प्रदेशभर में मिली सराहना



महिला सभा की बहनों ने वृक्षारोपण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और तीज सुंदरी प्रतियोगिता के ज़रिए नारी सशक्तिकरण और संस्कृति संरक्षण का संदेश दिया। सभी नगरों में आपसी सहयोग और आतिथ्य भाव की मिसाल देखने को मिली। प्रदेश स्तरीय तीज सुंदरी चयन में मनेंद्रगढ़ की अभिलाषा राजकुमार केसरवानी को छत्तीसगढ़ तीज केसर सुंदरी घोषित किया गया। चयन की प्रक्रिया में बीना केसरवानी (लखनऊ) और रजत (ठाणे) निर्णायक रहीं।यह आयोजन छत्तीसगढ़ केसरवानी समाज की संस्कृति, एकता और महिला नेतृत्व का प्रतीक बनकर उभरा, जिसमें सहयोग और समर्पण की भावना स्पष्ट नजर आई।

### श्रेष्ठ प्रस्तुति वाले नगरों की सूची

प्रथम स्थानः बिलासपुर, बलौदाबाजार
द्वितीय स्थानः दुर्ग-भिलाई, रायपुर, कोरबा, जांजगीर
तृतीय स्थानः चिरमिरी, चांपा, मुंगेली, सारंगढ़, कटघोरा

**विविध समूहों को मिले विशेष खिताब**

**ऊर्जावान ग्रुपः** भिलाई नगर, मनेंद्रगढ़
**मनभावन ग्रुपः** पिपरिया, रायगढ़, रतनपुर
**जोशीला ग्रुपः** तखतपुर, खैरागढ़, रामानुजगंज
**स्माइली ग्रुपः** तिल्दा, अंबिकापुर, पेंड्रा।

